We have an Aircraft Carrier, *INS Vikrant*. This is the only aircraft carrier we have. Is it wise to have aircraft carriers like this? Because when *Vikrant* goes to the sea, there are several other boats and vessels to guard it from aircraft fire and other submarine attacks. We have now the "Through Deck Cruisers" which are capable of handling verticle and straight take-off and landing (VSTUL). Added to it, another advantage is that they do not require escort vessels. I think such fast-moving vessels like "Through Deck cruisers" should replace the aircraft carriers and other conventional ships.

Then, Sir, so far as the Air Force is concerned, I am glad that our Minister for Defence has made a statement in Bangalore on the 21st of February that the country is going to buy some of these deep penetration strike aircrafts. Three aircrafts have been cited for being acquired. One is the Swedish made Viggen, the second is the French Mirage—we all know that Pakistan has a good force of Mirage plane—and the third, of course,

[Shri V Kishore Chandra]

is the Jaguar with its twin engine which is optimised for low level flying In modern warfare such an aircraft is a *must* to combat th surface to Air missiles (SAM)

The fact remains that apart from this our other aircrafts have also become obsolete and outdated which also need to be replaced and the need for this Deep Penetration Strike Aircraft is absolutely necessary and I am glad the Minister has taken a decision and I hope he will finalise this in a short time

Defence so far has been always taken as a separate unit but I think defence should also be taken as part of our developmental planning It can be included in that

For example we have the Border Roads Organization for building roads They should do it in consultation with the Defence authorities and according to then specifications so that in times of necessity these roads could also be used by defence forces

We have a rocket-launching centre at Tumba and also in Srihari Kota Satellites are launched to gather data about weather etc These satellites could also be used for defence purposes I would like the hon Minister to give a serious thought to th and make optimum use of other civilian projects which are already existing for defence purposes also apart from their civilian use

Then we have a Territorial Army which is actually supposed to be the second line of defence for the country I would like to state that it is lamentable that the Territorial Army has always been given a step-motherly treatment by the Defence Ministry I do not know if it is due to any inter-service rivalry Whatever it is, it is not getting its due from the Armed Force When the Territorial Army was started, then the strength of the Defence Forces was 2-1|2 lakhs and the strength of the Territorial Army was 49,000 But now when the strength of the Armed Forces has gone up to 8-1|2 lakhs, the strength of our Territorial Army has decreased to 25,000

Australia Switzerland, Russia and many other countries have started having Territorial Army The strength of the Territorial Army should be more than that of the regular Armed Forces Territorial Army serves as a sort of para-military force and a base to the Army They can serve during wars or in emergency You can recruit them directly Rather than increasing their strength the opposite has been happening in our country I hope the hon Minister will take note of this and see that actually the strength of the Territorial Army is increased in proportion to the strength of the Armed forces It should have been 20 lakhs in a country like ours

Territorial Army has been used for dumping officers who are not competent who are not deserving who are not wanted in the regular Army I would like to recommend to the hon Defence Minister that in the Territorial Army they should post officers who have a high average grading this should be made a criterion appointment like the appointments in the N C C and certain other cases

There are some personnel in the Territorial Army who have put in ten years service These people are supposed to have a civil avocation also But because the Government needed their service from 1962—72 their civil avocation has been rooted out These people after ten years of service have not been given any benefit They should also be given the same benefits that are given to ex-servicemen and they should be given other priorities like Priority III, in Employment Exchanges help in resettlement They should be given medical and canteen facilities also They should also be given Constitutional guarantees like those given to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

This Report says that 50 per cent of the housing problem of the Army has been solved. Here I would like to say that in old Delhi I have seen many of the old barracks and pre-war buildings have been just renovated haphazardly and given to the Army personnel as residential accommodation. Actually 18 to 19 per cent of the problem has been solved—may be 25 to 30 per cent at the maximum. But nevertheless housing remains a big problem. Serious thought should be given to this also.

I would like to State that the terms of the Defence Services are also not attractive enough to draw brilliant young men from the community. Army is treated as something more than that of the police less inferior to the IAS whereas the stakes of the Army officers as risk are very high. I would like to appeal to the Minister to see that more remunerative perks are given to the people joining the Defence Services

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): But thre is no dearth of these people.

SHRI V. KISHORE CHANDRA S. DEO: There may not be any dearth of these people but what we need is to draw the best people. That is not so at present, if I may say so. I hope you will increase the defence awareness of the people in the country and see that more good people come to the services.

I would like to quote General Raina who on the Army Day druing an interview said—'during the last three or four years no General's son has gone into the Army; Why is it so? If the Army's terms were so attractive and so good, then why has no Army General's sent his son to the Army?

So, Sir, I would like you to see to it that you take further steps in order to draw better men into the armed forces.

With these few words, I thank you for giving me this opportunity to speak.

**श्री बलदेव सिंह जसरोटिया** (जम्मू) : आदरणीय चेयरमैन साहब, डिफैंस किसी मुल्क की हर तरक्की की गरण्टी है और इसी तरह एक पैरामाउन्ट ड्यूटी सरकार की हुआ करती है कि मुल्क के अन्दर बसने वाले लोगों की जानमाल की हिफाजत करें। इसलिए सरकार को जनता टैक्स देती है कि सरकार हमारी जानमाल की हिफाजत करे। डिफेंस जिस मुल्क का मजबूत है उस मुल्क की हर तरक्की की गारन्टी है। हमें खुशी है कि हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की तरह के हालत यहां नहीं है। बरहाल पिछली सरकार ने इमरजेंसी के दौरान कोशिश की कि मिलिटरी को पौलिटिक्स में ढकेला जाये। लेकिन मैं मुबारकबाद देता हूं मिलिटरी के जनरल को कि उन्होंने अपने को इस मुल्क के अन्दर पौलिटिक्स से दूर रखा और अपनी ड्यूटी अंजाम देने के लिए हमेशा तैयार रहे। आज हम हाउस के अन्दर बैठे हुए हैं और हमारी डेमोक्रेसी बरकरार है तो उन्ही लोगों की वजह से है जिनके सामने मेरा सर झुकता है और आपके द्वारा मैं उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने इस मुल्क की डेमोक्रेसी के लिए क्या कुछ नही किया। जहां जनता डेमोक्रेसी के लिए तड़प रही थी उसी तरह अपने मैदान के अन्दर फौज ने कमाल किया है और उसकी वजह से ही इस सदन में बैठ हुए है।

आज हमारा पड़ौसी मुल्क फिर आर्म्स रेस में एम्यूनीशन इकट्ठा करने में लगा हुआ है। 1971 मे दूसरे मुल्कों से असलाह इकट्ठा किया जा रहा था और अब भी पाकिस्तान उस दौड़ में पीछे नही है और जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है कि 1971 के लेविल तक सोफिस्टिकटेड आर्म्स और ऐम्युनीशन्स हमारा पड़ोसी मुल्क इकट्ठा कर रहा है। जम्मू

[श्री बलदेव सिंह जमरोठिया]

कश्मीर राज्य में आये दिन डैकेती, कैटिल लिफ्टिंग और फायरिंग के केसेज पाकिस्तान द्वारा होते है। अगर देखा जाये तो यह एक गम्भीर विषय है। इस तरफ मैं डिफेंस मिनिस्टर की तवज्जह दिलाना चाहता हूं। जम्मू कश्मीर के जो हालात हैं उनसे वह गाफिल नहीं है, लेकिन वहां जो बीत रही है उसकी तरफ उनकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं।

यहां आर्म्ड एम्यूनिशन की तरक्की के लिये बहुत कुछ कहा गया है। मै मानता हू कि डिफेंस के लिये मिसाइल्स, ऐंटी टैंक गन्स आदि बहुत जरूरी है, हमारी फ़ौजें लेटेस्ट हथियारों से सुसज्जित रहनी चाहिय। लेकिन इन सब से जरूरी चीज है हौसला। मैं देखता हू कि जिस तरह बाकी लोग अपने हकूकों के लिये बाट क्लब पर नारे लगाते हैं, उस तरह से फौज वाले नहीं कर सकते। इसलिये उनके हकूक की हिफाजत की गारन्टी हमारे ऊपर आती है और हमारा फर्ज हो जाता है कि हम उनके हकूकों को बनाने की कोशिश करें। इसलिये जो कष्ट उनको हो रहा है चाहे प्रोमोशन के बारे मे हो, यूनीफार्म के बारे मे हो या मकानों के सिलसिले मे हो, इन सब बातों पर ध्यान अगर हम दें तो बहुत-सी तकलीफे उनकी दूर हो सकती हैं। और जब उनको खुशी होगी तो उनका मुराल ऊपर उठेगा फोर दी ग्रेटर कोज आफ़ दी कन्ट्री। 1951 की रिपब्लिक डे पर यह कहा गया था कि फौज में 5 फीसदी से ले कर 80 फीसदी 1980 तक जो प्रोमोशन का माप पूरा करना है आफिसर रैंक्स मे लिए जायेंगे। लेकिन आज तक वह पूरा नहीं किया। जैसा मुझ से पहले बोलने वाले आदरणीय मेम्बरों ने कहा, मैं भी अर्ज करना चाहता हू कि आज देश के अन्दर फौजों के अन्दर घुटन महसूस हो रही है। जो सरकार सदन मे वायदे करती है और जो रिपब्लिक डे पर कहती है कि प्रोमोशन रैंक्स मे होगा जो कि हर आदमी चाहता है कि उस को तरक्की मिले ताकि मुल्क की सेवा कर सकें, लेकिन अगर कोई अवसर न मिले तो दिल में घुटन महसूस होती है। इसलिये जो वायदे यहां किये गये हैं वह पूरे किये जाये। इसी तरह से राशन का मामला है। जैसा कि हम सब जानते हैं, शायद कई मेम्बर साहेबान न जानते हो, तो उनकी जानकारी के लिये कहना चाहता हूं कि राशन के सिलसिले मे 180 ग्राम मीट हर रोज सिपाही को मिलना चाहिये। लेकिन नैवी में तो दिन मे 2 बार और एयरफोर्स मे एक बार मिल जाता है लेकिन आर्म्ड फोर्सेज के लिये हफ्ते में तीन बार मिलता है। यह जो डिस्क्रीमिनेशन होता है यह ठीक नही है। फोर्स मे लड़ाई के मामले मे कोई भी एक दूसरे से पीछे नही है। इस तरह की घुटन की नीति थोड़ा पायजन पैदा करने वाली होती है, इससे कामन काज मे ठेस पहुचता है और मैं समझता हू कि डिफेन्स मिनिस्टर साहब इसे अपने टाइम मे दूर करने की कोशिश करेंगे।

## 17 hrs.

नैवी मे रिटायरशुदा अफसरान का रिएम्पलाय किया जाता है। जो काम वह करते है अगर 100 या 75 रुपये एलाउन्स मास्टर पैटी आफिसरज को दिया जाये जो कि गाहे बगाहे, वक्तन-फवक्तन आफिशियेटिंग ड्यूटी को सरंजाम देते है तो मैं नही समझता कि ऐसा न देने से हम कोई ज्यादा बचत कर सकते है। रिटायरशुदा को काम देने के मुकाबले इससे ज्यादा बचत हो सकती है और उस बचत को हम दूसरे मामलो मे लगा सकते है। लेकिन इस तरफ ध्यान नही दिया गया और यह कारण है कि आज भी इस तरफ उन लोगो के दिलो में एक किस्म की घुटन है।

आसाम, यू० पी० के पहाड़ी इलाके, हिमाचल और जम्मू में जो सोलजरी पैदा

करने वाले इलाके है, इनको हमेशा इग्नोर किया गया है। वह लोग आज महसूस करते हैं कि इस मुल्क के हिस्सेदार के नाते हम हिस्सा ले सकते है, लेकिन उनको पूरा हिस्सा नहीं मिल रहा हैं मैं समझता हू कि जनता सरकार और डिफेन्स मिनिस्टर इस तरफ ध्यान देकर ऐसे इलाको से जो कि पसमादा है, बैकवर्ड है, उन इलाको के लोगो की तरक्की के लिये ध्यान देंगे। जिनका पास्ट बडा उज्ज्वल रहा है, मै समझता हू कि वह उस तरफ ध्यान देगें और उनकी बेहतरी बहबूदी के लिये काम करेगे।

जो लाग फौज मे भर्ती होते है, स्टेट सरकार द्वारा बनाये गये कानूनो के अन्तर्गत उनसे जमीन छिन जाती है और इससे उनमे डिसारलाइजेशन आ जाता है। इसीलिये लोग फौज मे जाने मे गुरेज कर रहे है। फौज मे सिपाही की वर्दी पहनने या कन्धे पर बन्दूक रखने से ही कोई सिपाही नही हो जाता है बल्कि उसके पीछे ट्रैडीशन्स, रवायात स्प्रिट हुआ करती है जिसमे सिपाही अच्छा होता है। अच्छा सिपाही तीन जेनरेशन मे पैदा होता है।

एक सिपाही अगर लडाई मे मारा जाय और उसकी बेवा के पास कोई बच्चा रह जाय तो वह उस बच्चे का लोरिया और कहानिया सुनाकर कहती है कि तेरा बाप फला जग मे मारा गया था। उसके बाद जब वह बच्चा जवा हो जाता है तो वह भी फौज मे जाता है और उसका भी यही हश्र हो तो इसी तरह से तीसरा बच्चा जब फौज मे जाता है और उसके दिल मे इस तरह की कहानिया सुनकर जो दिलचस्पी पैदा होती है, वही अच्छा सिपाही होता है। यही अक्लमंदो का कहना है, जाती तजुर्बा है। इस प्रकार से मुल्क की फौज के लिये उस बचाव के लिये सरकार की फौज बनती है।

आजकल एक्स-सर्विसमैन अपने मैडिल और वर्दी बेचने के लिये मजबूर होते हैं। सरकार ने यह कहा है कि हम 10, 2 फीसदी तक महकमो मे नौकरी देगे, लेकिन प्रेक्टिस मे अमली तौर पर यह बात अमलियत की कोसो दूर है। उनके दिल मे भी यह होता है कि मैरिटोरियस सर्विस मुल्क की खातिर की है, हमारा भी मुल्क मे हिस्सा है, लेकिन उनका वह हिस्सा नही मिलता है जिसके कारण वह निराश होते है। मेरा सुझाव है कि एक्स-सर्विसमैन, जिन्होंने मुल्क मे सर्विस की है, उनकी आइन्दा जिन्दगी सुधारने के लिये और बेहतर बनाने के लिये यह सरकार कोशिश करे।

जम्मू कश्मीर की फोर्स अब हिन्दुस्तान की फौज मे जज्ब हो गई है और उस पर इंडियन लाज और रेगुलेशन्ज लागू होते है। लेकिन सैकडो लोगो की शपैन, तरक्की, एलाउंस और दीगर मामलात के झगडे चल रहे है। चूंकि उन लोगो को उनका हक नही मिल रहा है, इसलिए उन के दिलो मे एक अग्नि सी प्रज्वलित हो रही है। यह कहा नही जा सकता है कि अपने हक हासिल करने के लिये वे लोग क्या कुछ करे। एक्स-सर्विसमैन तो सालजर्ज बोर्ड के जरिये अपने हको के लिए लड सकते है। आज भी उन लोगों की सुनवाई नही हो रही है। इसी तरह जम्मू कश्मीर की मिलिशिया, जो आज जम्मू कश्मीर लाइट इनफैन्ट्री के नाम से मौसूम है, के लोग भी इन्ही झगडो के शिकार है और उन्हे उन के हकूक नही मिले है।

इन छोटी छोटी सी बातों की वजह से उन लोगो के दिलो मे फौज के लिए जो इज्जत और प्यार होना चाहिए, वह न हो कर गुस्सा और निराशा पैदा हो जाती है इसकी वजह यह है कि उन लोगो की बेहतरी और बहबूदी के लिए,

[श्री बलदेव सिंह जसरोटिया]

उन की भलाई और तरक्की के लिए हमें जो कुछ करना चाहिए था वह नहीं किया गया ।

**17.07 hrs.**

[MR SPEAKER *in the Chair*]

मुझे आशा है कि डिफेंस मिनिस्टर साहब, जो हर लिहाज से काबिल हैं और माननीय हैं जिन्हें इन सब बातों का निजी तजुर्बा है, अपनी पहली फुर्सत में इन शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेंगे और हर स्टेट में मौके पर जा कर इन्वेस्टिगेशन कर के देखेंगे कि लोगों को क्या दुख है। अगर हम सिपाहियों और एक्स-सर्विसमैन की रिहायिश के लिए मकानों का इन्तजाम कर पायें, तो इस में बहुत बड़ी बेहतरी हो सकती है। और लोगों के लिए सोर्स आफ एट्रेक्शन भी बन सकता है।

बेवाओं और बच्चों को वजीफे मिलते हैं, लेकिन इस महंगाई के जमाने में जिस प्रोपार्शन में उन में इजाफा होना चाहिए था वह नहीं हो रहा है। इस से उन के दिलों में बेचैनी है और वह तभी दूर हो सकती है, जब कि सरकार इस तरफ ध्यान दे।

SHRI NIRMAL CHAND JAIN (Seoni) Sir there are many speakers in the list

MR SPEAKER There are other important subjects and they may be guillotined later Now, how much time are you likely to take?

SHRI JAGJIVAN RAM Minimum of 40 to 45 minutes

AN HON MEMBER, He may reply tomorrow

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA) It is only a question of 40 minutes

MR. SPEAKER Otherwise, a number of other items will be guillotined later

**श्री बलदेव सिंह जसरोटिया** अगर कोई फौजी बगैर जरूरी इम्तहान पास किये हुए सिर्फ दो साल के लिए एक्टिंग रैंक होल्ड करता है, तो वह उस रैंक की पेंशन का हकदार हो जाता है। लेकिन अगर कोई अफसर सबस्टैंटिव रैंक हासिल कर लेता है मगर दो साल की शर्त पूरी नहीं करता है, और सबस्टैंटिव रैंक इम्तिहान पास करने के बाद हासिल करता है, तो उसे उस रैंक की पेंशन इसलिए नहीं मिल सकती है कि दो साल की शर्त पूरी नहीं हुई है। यह अन्याय है। इन सब बातों से फौजियों के दिलों में मुसीबतों का बहुत बड़ा पहाड़ खड़ा हो जाता है। इस लिए इन सब सवालों का हल करने की जल्द से जल्द कोशिश करनी चाहिए।

हम ने आर्मी एग्जिबिशन में देखा कि हमारी फौज को नई नई चीजें मुहैया की गई हैं। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। जो मुल्क आज तरक्की की राह पर चल रहे हैं अपनी फौज को उन के मुकाबले में लाने के लिए हम जो कुछ भी कर पायें, वह कम है। मैं डिफेंस मिनिस्टर साहब को बधाई देता हूं, इस आशा के साथ कि जो बातें मैंने अर्ज की हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए वह फौज की मजबूती, मुल्क की सुरक्षा और हम सब लोगों की बेहतरी के लिए जरूरी कदम उठायेंगे।

**श्री निर्मल चन्द्र जैन** (सिवनी) अध्यक्ष महोदय, सुरक्षा का प्रश्न देश के सामने सब

से बड़ा प्रश्न रहता है । यह ठीक है कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन हम शान्ति से तभी रह सकते हैं, जब कि हमारे पास इतनी शक्ति हो कि हम किसी भी आक्रामक को मुहतोड़ उत्तर दे सके । इसके लिये जहां हमें अपनी सेना को सज्जित करना चाहिए, वहां हमें यह भी व्यवस्था करनी चाहिये कि हम किसी भी आक्रमण का मुकाबला तो कर सकें, लेकिन साथ ही हम हमेशा तैयार भी रह सकें । हमेशा की तैयारी बहुत आवश्यक अंग है सेना का । गफलत जब होती है तो बड़ी गंभीर गफलत हो जाती है जो हम ने 1962 में सही है । इस कारण और इस कारण भी कि जबलपुर में मेरा संबंध है, आदरणीय रक्षामंत्री महोदय का ध्यान मैं जबलपुर में जो डिफेंस इस्टालेशंस है उन की ओर विशेष रूप से आकृष्ट करना चाहता हूं । बहुत पहले जबलपुर को मुख्य रूप से इसलिए चुना गया था और वहां गन-कैरिज फैक्ट्री बनाई गई थी, आर्डिनेंस फैक्ट्री बनाई गयी थी, सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो खोला गया था कि वह हिन्दुस्तान का मध्य स्थल उसका हृदय स्थल है । वहां पर आक्रमण नहीं हो सकता । इस कारण उस को चुना गया था । मुझे खेद है कि उस दिशा में और आगे प्रगति नहीं हो पायी । सन 1942-43 के करीब वहां पर जो प्रगति थी वहीं पर अब वह स्थिर है । इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा रक्षा मंत्री महोदय से, कि जबलपुर की जो के तीन इस्टालेशंस है उन के ऊपर विशेष ध्यान दिया जाय । और न केवल उन की पुरानी परिपाटी के अन्तर्गत ऐसा किया जाय बल्कि नये नये प्रयोगों का भी एक कारखाना वहां खोलना बहुत आवश्यक है । आज देश में नय प्रयोग चाहिये । हम शायद उनकी गिनती यहां नहीं कर सकते, सेना के लोग शायद उन की उतनी गिनती नहीं कर सकते जितना कि हम विज्ञान के विद्यार्थियों को वहां पर बैठा कर सेना के बारे में उन से नये नये प्रयोग करा सकते है ।

राडार का हमें अनुभव है कि जितना सोफिस्टिकेटेड राडार रहेगा उतना ही हम सरलता से यह पता लगा सकते है कि दुश्मन इस समय हमारे ऊपर क्या गतिविधियां लगाए हुए है, वह कितनी दूरी पर है । हमें तैयारी का उतना मौका मिलता है । हमें उस का मुंह तोड़ने का अवसर प्राप्त होता है ।

इस कारण से और दूसरे कारणों से भी यह बहुत आवश्यक है कि हम अपने अस्त्र यहीं हिन्दुस्तान में बनायें, नये नये प्रयोग कर के बनायें । दूसरी जगहों से अस्त्र या और जो कुछ भी लेते है उस के बारे में उन का पता रहता है कि उन्होंने हमें कौन सी चीज दी है । लेकिन जो हमारी खुद की कला रहती है विज्ञान रहता है उस के बारे में उन को जानकारी नहीं हो सकती । नैट विमान ने दिखा दिया है कि वह बहुत कुछ करने की क्षमता रखता है । तो ये नये प्रयोग निरन्तर चलते चले जाएंगे और इस के लिए मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि जहां पर हमारे डिफैंस इस्टालेशंस काफी मात्रा में है, जबलपुर में वहीं पर और भी कुछ नयी प्रयोगशालाएं और नये कारखाने खोलने बहुत आवश्यक है ।

**श्री जगजीवन राम** : जहां कुछ नहीं है वहां भी होना चाहिए ।

**श्री निर्मल चन्द्र जैन** : वह तो होगा । जिन के पास कुछ नहीं है वे तो मांगेंगे ही लेकिन जहां पर कि सुविधा है, वहां पर

[श्री निर्मल चन्द्र जैन]

एक तो इस दृष्टि से और दूसरे इस दृष्टि से भी देखना चाहिए कि जितना एक सेंट्रल प्लेस कोई हो सकता है वह उतना ही अच्छा है ।

**श्री जगजीवन राम** वह जमाना बीत गया ।

**श्री निर्मल चन्द्र जैन** जमाना भी वही है और निश्चित रूप से हम बार बार उसी जमाने की बात याद आती है ।

ना मैं एक निवेदन ना यह करना चाहता हू । दूसरा मेरा निवेदन यह है कि इस समय तट-सुरक्षा का एक अलग संगठन बहुत आवश्यक है । अब समुद्र की सीमा का जो विस्तार हुआ है दो सौ मील तक उस के लिए अभी तक अलग से कोई तट सुरक्षा का संगठन नहीं है । मैं इस ओर भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हू कि वह संगठन एक अलग से बनाना चाहिये और उसके लिए जो भी आवश्यक कार्यवाही करने की आवश्यकता हो वह पार्लियामेंट के अंदर या सुरक्षा मंत्रालय के अंदर होनी चाहिए ।

अभी हमारा आर्म्ड डिवीजन और सुरक्षा के सम्पूर्ण संगठन पर लगभग 4 प्रतिशत व्यय होता है । जो दूसरी चीज है, जो हमारी रोजी रोटी है वह तो निश्चित रूप से आवश्यक है लेकिन रोजी रोटी बरकरार बनी रह सके उस के लिये मैं निवेदन करना चाहता हू कि इस पर पुनर्विचार किया जाए और सुरक्षा पर यदि अधिक व्यय कर सकने की क्षमता हम प्राप्त कर सकें तो बहुत उत्तम होगा ।

इन शब्दों के साथ मैं आदरणीय सुरक्षा मंत्री महोदय को अभी तक जो उन्होंने किया है उस के लिए बधाई देना चाहता हू लेकिन साथ ही निवेदन करना चाहता हूं कि इन बातों की ओर भी विशेष ध्यान दें ।

**श्री आर० एल० कुरील** (माहनलालगंज) आदरणीय सभापति महोदय, आज डिफेंस मिनिस्ट्री के बजट पर बात चल रही है । जहां तक सुरक्षा का सवाल है, यह बहुत ही आवश्यक है, सबसे टाप प्रायर्टी पर इसको लिया जाना चाहिये इस में कोई दो मत नहीं है। यह सुरक्षा बजट बहुत ही सराहनीय है । मंत्री महोदय ने जैसा बजट रखा है और उस में जो प्रावधान किए है वह वास्तव में बहुत सराहनीय है । जिस जिस विभाग में भी हमारे मंत्री महोदय रहे है, यह प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किस खूबसूरती और अच्छाई से उन्होंने अपने विभाग को निभाया है । उस विभाग में भी, जहां सुरक्षा सर्वोपरि है, तमाम दूसरी बातों से उस को ऊपर रहना चाहिये, उस को ध्यान में रखते हुए जिस ढंग से उन्होंने बजट पेश किया है वह वास्तव में सराहनीय है ।

इसके साथ ही साथ मैं आप कुछ सुझाव भी रखना चाहता हू । जिस प्रकार से और विभागों में शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज के लिए रिजर्वेशन के हिसाब से सहूलियतें दी जाती है इस विभाग में उसका कोई कंसिडेरेशन नहीं है । सेना में जो रेजिमेंट्स है वह जातिवाद के आधार पर बनी हुई है । इसको तोड़ना चाहिए । या तो एक अलग से हरिजन रेजिमेंट्स बनाई जानी चाहिए या फिर जातिवाद के आधार पर जो एग्जिस्टिंग रेजिमेन्ट्स बनी हुई हैं उनको तोड़ा जाये । इस प्रकार से जो मिलिट्री अकादमी है, या जो मिलिट्री स्कूल हैं जिन में ट्रेनिंग

दी जाती है, उन मे शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज का कोई प्रतिनिधित्व हीं है । वहां पर यह वर्ग बिल्कुल ही उपेक्षित है । इस वर्ग के लिए वहां पर कोई भी ध्यान नही दिया जाता है । इसलिए मेरा निवेदन है कि हर एक सैनिक स्कूल में और अकादमी मे इस वर्ग का अच्छी तरह से रिप्रेजेन्टेशन होना चाहिए । जहां तक योग्यता और अयोग्यता की बात है, योग्यता कुर्सी मिलने के बाद आती है । आप किसी को साइकिल छूने न दें और कह कि तुम साइकिल चलाना नही जानते तो यह बात समझ मे नही आ सकती। पहले से ही यह अनुमान लगा लेना कि हरिजन वर्ग उस मे सफल नही होगे मे इस बात को नही मानता । यह तो वही बात हुई कि किसी को साइकिल छूने न दे और कह कि तुम साइकिल चलाना नही जानते । आप पहले ही अनुमान लगा देते है कि वह साइकिल चलाना नही जानते । पहले आप उस को साइकिल दे और फिर देख कि वह उस को चला पाता है या नही । इस लिए मेरा निवेदन है कि इस वर्ग का आप विशेष ध्यान रखें । हिन्दुस्तान का इतिहास बतलाता है कि हिन्दुस्तान के केवल 25 प्रतिशत लोग, चार वर्णों मे से केवल एक वर्ण, हिन्दुस्तान की रक्षा के लिए रहा है और इसी वजह से हिन्दुस्तान गुलाम रहा, विदेशियो ने इस का लूटा, यहा तक कि गुलाम वंश तक यहा पर शासन कर गया । इसका क्या कारण है ? कारण साफ़ है — अन्य तीन वर्णों का सुरक्षा के लिये अयोग्य समझा गया. केवल एक ही वर्ण को युद्ध और रक्षा के लिए रखा गया लेकिन हम को देश की 75 प्रतिशत आबादी को इस तरह से इगनोर नही करना है, हर वर्ग के लोगों को उस में पूरा प्रतिनिधित्व दिया गए, इस बात का ध्यान रखना है । जातिवाद के आधार पर जो रेजिमैन्ट्स बनाई जाती है, जैसे जाट रेजिमेन्ट या दूसरी इस तरह की रेजिमेन्ट्स, उन को समाप्त करना चाहिए या पापुलेशन के हिसाब मे उस मे कोटा फिक्स किया जाय, जिस मे हर वर्ग के लोगो को उस मे प्रतिनिधित्व मिल सके।

जो लोग आज देश की सीमाओ पर देश की रक्षा के लिये लड़ते है, उन को जो सुविधाय प्राप्त है, वे बिल्कुल अपर्याप्त है । वे तो सीमाओ पर लड़ते है, लेकिन यहां उन के बच्चो को परेशान किया जाता है, पुलिस या दूसरे लोग उन को सैकेण्ड-ग्रेड या का सिटिज़न समझते है, यह बात समाप्त होनी चाहिये। उन को उचित सम्मान मिलना चाहिये । जो देश की रक्षा करते है, उन के साथ यह व्यवहार बहुत अमानवीय है, गलत है ।

मे मंत्री महोदय से एक निवेदन विशेष रूप से करना चाहता हू —कास्ट के बेसिज़ पर जो रेजिमेन्ट्स बनी हुई है या तो उन को तोडिये या शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेडयूल्ड ट्राइब्ज और बैकवर्ड क्लासेज, की रेजिमन्ट का सेना मे स्थान दे, जिस मे कि इस वर्ग को, जिस की सख्या देश मे करीब-करीब 80 प्रतिशत है, यह प्रतिनिधित्व मिल सके।

अन्त मे मै मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं— उन्होंने इतना अच्छा बजट बनाया है। मै उन से यही निवेदन करना चाहता हूं कि इस में

[श्री ग्रार एल कुरील]

कुछ ऐसा प्राविजन रखे, जिस मे एम्पलाइज को, स्पेशली डिफेन्स एम्प्लाइज को कुछ और अधिक मिल सके।

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** अध्यक्ष जी, सदन के चारो तरफ से हमारे सुरक्षा सेनाओ के अफसरो, हमारे जवानो, को जो प्रशसा दी गई है, उस के लिय मे इस सदन को धन्यवाद देता हू। वे प्रशसा के योग्य है और मैं भी अपनी तरफ से डिफेन्स फोर्सेज के आफसरो और जवानो को प्रशसा भेजता हू।

अध्यक्ष जी, यह स्पष्ट है कि हमारी नीति शान्ति की नीति है, सभी देशो के साथ मित्रता करने की मति है और विशेषकर जो हमारे पडोसी देश है, उनके साथ प्रेम का व्यवहार हो, मित्रता का व्यवहार हो और उन के साथ हम शाति के साथ अच्छे पडोसियो के रूप मैं रह सकें—यह हमारा प्रयत्न है। लेकिन दुनिया के इतिहास मै बहुत सी ऐसी घटनाय हुई है, जहा शाति का अन्दाजा न करते हुए भी कुछ देश दूसरे देशो के साथ छेडखानी कर देते है। उस स्थिति के लिये हम को तैयार रहना है। मे विस्तार के साथ इस बात मैं नही जाना चाहूगा, लेकिन सदन को यह ज्ञात है, कि हमारी तरफ से बारबार यह प्रयत्न हुआ है कि पाकिस्तान के साथ हमारा सम्बन्ध मित्रता का सम्बन्ध हो जाये, बगला देश के साथ हमारा सम्बन्ध मित्रता का सम्बन्ध हो जाये चीन के साथ जो तनाव है, उस तनाव मैं थोडा ढीलापन आ जाय। लेकिन हम कितना भी आगे बढे, जब तक हाथ दोनो तरफ से नही बढाये जाते, तब तक मित्रता नही होती है। हम ने अपनी तरफ से हाथ बढाया खुशी की बात है, उधर से भी हाथ कुछ बढा है।

हमने आगे बढ कर मित्रता करने का प्रयत्न किया है श्री राजू ने कहा कि पाकिस्तान के साथ युद्ध नही होगा, इस बात की घोषणा हो और इस बात के लिए हम प्रयत्न करें: मै मानता हू कि हम प्रयत्न करे और हमारा और उन का रिश्ता एक साधरण रिश्ता बन जाए, उस मे कृत्रिमता न रहे लोगो का आदान-प्रदान होने लगे, व्यापार तिजारत होने लगे, इस के लिए मै समझता हू कि इस बात की घोषणा न करते हुए यह घोषणा के तुल्य हो सकता है और इसलिए मै, इस तरह की घोषणा के लिए हम अपनी तरफ से वहा पहुचे, इस बात की आवश्यकता नही समझता चीन के बारे मे बराबर हम ने कहा है कि हमारे सम्बन्धो मे जो तनाव है उस तनाव को ढीला करने मे हम लगे और एक दफा तनाव ढीला हो जाएगा तो मै समझता हू कि और भी रास्ते निकल सकेगे जैसा हमारे प्रधान मन्त्री जी ने कहा है कि हमारी भूमि पर जो चीन का अधिकार है उस बात का भी वर्तालाप कर के सुलझाया जा सकता है। मै इन बातो का जिक्र इसलिए कर रहा हू कि किसी देश की सुरक्षा नीति उस देश की विदेश नीति के ऊपर निर्भर करती है और विदेश नीति निर्धारित करने मे सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है और उस मे वे सब बाते कर ली जाती हैं।

डा० करण सिंह जिन को हमारे अधिकारियो मैं हमारे जवानो से मिलने का बहुत मौका मिलता है जो उन की आशाओं और आकाक्षाओ का ध्यान रखते हैं, उन को यह भी जानकारी रहती है कि जो उन की अवस्था है, उस मे उन की मनोवृत्ति क्या है—मैं भी कई सुझाव दिये हैं एक तो उन्होने कहा कि रिसर्च और डिवेलपमेंट के सम्बन्ध में सभी प्रकार के वैज्ञानिको की सलाह लेने के लिये एक कौसिल होनी चाहिए। उन को मालूम होना चाहिए कि हमारी एक रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट के लिए एक कौसिल है उसमे

न्यूक्लियर एनर्जी, स्पेस रिसर्च और सी० एस० आई० आर० के लोगों का सम्बन्ध है और उस कौंसिल में सभी का प्रतिनिधित्व है। और इस से ऊंची और कोई कौंसिल हमारे देश में सम्भव होगी, ऐसा मैं नहीं समझता। ठीक उसी तरह से हमारी सेना के ऊपर कोई कौंसिल हो, इस का सुझाव श्री यज्ञदत्त शर्मा ने दिया, और उस में कौन हो? जो अवकाश प्राप्त अफसर हों, उन की वह कौंसिल हो, ऐसा उन्होंने कहा। मैंने पिछली दफा बताया था कि हमारी तीनों सेनाओं के अध्यक्षों की एक कमेटी है और वह कमेटी बराबर मिलती रहती है। उन तीनों अध्यक्षों में जो सब से वरिष्ठ होता है, सीनियर होता है, वह उस कमेटी का अध्यक्ष होता है और इन तीनों का समन्वय करने का एक और भी रास्ता हमारे पास है, जिस को कहते हैं **डिफेन्स मिनिस्टर्स मीटिंग**। आम तौर पर सप्ताह में एक बार हमारी मीटिंग होती है, जिस में रक्षा मंत्री, हमारे राज्य मंत्री, सचिव उत्पादन विभाग के सचिव, कैबीनट के सेक्रेटरी और हमारी तीनों सेनाओं के अध्यक्ष होते हैं। उस का कोई एजेन्डा नहीं होता है। वहां पर बातें होती हैं, नीति निर्धारित होती है और कहीं पर अगर कोई रुकावट आती हो, तो उस को सुलझाने का काम होता है कैसे तीनों में समन्वय हो, इस पर विचार होता है। इस तरह से वहां पर तीनों सेनाओं के काम का समन्वय होता है। इस से ऊंची और किसी कमेटी का निर्माण नहीं किया जा सकता है और इस कमेटी के रहते हुए मैं किसी और कमेटी की आवश्यकता नहीं समझता हूं। सेना का आधुनिकीकरण, माडरनाइजेशन एक ऐसा विषय है जिसके ऊपर बराबर ध्यान देते रहना पड़ता है। जिस गति से आज विज्ञान और टैक्नोलोजी की प्रगति हो रही है, उसमें हमें बराबर प्रयत्नशील रहना पड़ता है। कि कहीं हम पीछे न पड़ जाएं, हमारे अस्त्र-शस्त्र पुराने न पड़ जायें। नये से नये अस्त्र-शस्त्र हमारे पास हों, पुराने अस्त्र-शस्त्रों का हम नवीनीकरण करते रहें। जब नये अस्त्र-शस्त्र हम लायेंगे तो यह मानी हुई बात है कि जिन लोगों को उन अस्त्र-शस्त्रों का इस्तेमाल करना है, उनको प्रशिक्षण भी देना होगा। अगर हम उनका प्रशिक्षण नहीं देते हैं तो उन अस्त्र-शस्त्रों का लाकर क्या करेंगे। चाहे ये मिसाइल हों, राकेट हों, नये टैंक हों, नये हवाई जहाज हों, नये तोप हों, जो कुछ भी हम लावें, उनके लिए हमको अपने लोगों का प्रशिक्षित करना है। यह मैं कोई गुप्त रहस्योद्घाटन नहीं कर रहा हूं अगर मैं यह बता दूं कि जहां से हम इन चीजों को खरीदते हैं, वहां सब से पहले हम अपने लोगों को भेजते हैं ताकि वे वहां शिक्षा ग्रहण कर लें और उन्हें पूरी तरह से देख लें। डा० कर्णसिंह को यह भी मालूम है कि बीच-बीच में हम अपने सैनिकों और अफसरों को प्रशिक्षित करने का प्रबन्ध करते हैं जिससे कि जो वे सीख चुके हैं वह उनकी शिक्षा पुरानी न पड़ने पावे और नया जो कुछ हमारी फौज में आ गया है, उसकी जानकारी उनको हो जावे। इसके लिए हम बराबर प्रयत्न करते रहते हैं।

तीनों सेनाओं—थल सेना, वायु सेना और नौ सेना—का समन्वय होना बहुत ही आवश्यक है। पाकिस्तान के साथ पिछले युद्ध में केवल अपने देश को ही नहीं बल्कि सारी दुनिया को यह देख कर आश्चर्य हुआ कि भारत में तीनों सेनाओं का किस तरह से सफलता-पूर्वक समन्वय किया गया। पैदल सेना किधर चलेगी, वायु सेना के द्वारा उसको किस प्रकार समर्थन प्राप्त होगा और उस की समय नौ सेना क्या गुजरेगी, इस प्रकार का समन्वय करने का हमारा बराबर प्रयत्न रहता है। तीनों सेनाओं का समन्वय रहे, तीनों का शक्ति संतुलन रहे यह बराबर प्रयत्न रहता है। इसके साथ ही फौज में नये टैंकों का आना,

[श्री जगजीवन राम]

नये मिसाइलो का आना, नये औजारो का आना भी आवश्यक है और यह हम करते रहते है।

उत्पादन के सम्बन्ध मे राज्य मंत्री ने बताया, मैं उसके बारे मे इस सदन का समय नहा लेना चाहूगा लेकिन इतना जरूर कहूगा कि दूसरे मुल्को से जिस चीज को हम लेते है उसको भी यहां भी बनाने का प्रयत्न करते है और उसको बनाने के साथ साथ अब तो हमने यह रखा है कि उस चीज के पार्टस और पुर्जे हम सिर्फ अपने ही इस्तेमाल के लिए नही बनायेगे बल्कि जिस मुल्क से हमने जो चीज ली है बनने वाली चीज के लिए भी हम अपने पार्ट्स और पुर्जे भेजेंगे।

हवाई जहाज के बारे मे यहा चर्चा चली। इस सम्बन्ध मे इस सदन के माननीय सदस्यो को मैं यह बता दू कि हमारे कुछ हवाई जहाजो की उम्र कुछ ज्यादा हो गयी है। कुछ हमारे लडाकू हवाई जहाज केनबरा वगैरह, हैं वे पुराने हो गये हैं। यह मानी हुई बात है कि पुरानी चीज को हटाया जाता है और जब पुरानी चीज को हटाया जाता है तो फिर उसी तरह की चीज को नही खरीदा जाता है। अगर हमारे पास मोटर गाडी है, वह खराब हो गयी है, पुरानी हो गयी है तो फिर हम यह प्रयत्न नही करेगे कि 27 माडल का शेवरलेट ही खरीदें। हम प्रयत्न करेगे कि अच्छे से अच्छी आधुनिक मोटर कार खरीदे। यह डी० पी० एस० ए० का लेकर के बहुत तरह की चर्चा अखबारो मे हो रही है। मैं तो यह कहना हू कि हमारे जहाज पुराने पड गये है। अब उनकी जगह पर जो जहाज हम खरीदेंगे वे उसी माडल के नही खरीदेंगे, आधुनिक माडल के खरीदेंगे। यह मोटी सी बात है। इसमें जल्दी करने की भी बात नही है। हमारे एक्सपर्ट्स लोग जो इस के माहिर हैं, उनकी टीम तीन देशो मे गयी थी और जहाजो को देख कर के आयी है और सम्भवत: उसने आज अपना रिपोर्ट भी दी होगी। हम जल्दी ही उसके बारे मे केबिनेट की कमेटी मे विचार करेगे और फैसला करके इन तीन मुल्को मे से जिससे भी खरीदना होगा खरीद लिया जाएगा। लेकिन खरीदने के साथ साथ हमारा यह प्रयत्न होगा कि हम उन्हे अपने ही देश मे बनायेगे और बनाने के साथ साथ हमने एक शर्त यह भी रखी है कि जो हम अपने देश में बनायेंगे उनमे से पार्टस और पुर्जे वहा वाले हमसे खरीदेंगे। सब मैरीन पन-डुब्बी के लिए भी इन्तजाम कर रहे है। सात आठ पार्टिया से इस सम्बन्ध मे भी चर्चा हुई हमारे लोग गए थे देख कर आए है। वहा से लोग आए है कुछ बात हुई है। सिद्धान्त रूप से सरकार का फैसला हो चुका है कि हम पनडुब्बी खरीदेंगे और साथ ही साथ उनको अपने देश में बनायेंगे। आत्मनिर्भरता की तरफ जाने का यही तरीका है कि हम खरीदे और फिर उसको अपने देश मे बनाने लगें और उसके पार्ट पुर्जे सभी बनाए और उन्हे दूसरे देशो मे निर्यात करें।

पहले जो कुछ किया गया उस मे थोडा सा अभाव, त्रुटि रही है कि हम तेजी के साथ उनके पार्ट पुर्जे बना कर स्वावलम्बी नही हो सके। लेकिन अब तेजी के साथ उस तरफ हमारे कदम उठ रहे है और जल्दी हम उस में आत्म निर्भर हो जाना चाहते है।

किसी माननीय सदस्य ने कहा कि यहां पर हवाई जहाज बनने चाहियें। प्रो० शेर सिंह ने बताया है कि वे तो हम बना रहे है। हैलीकाप्टर भी बना रहे है। [बाकी जहाज बना रहे हैं कुछ ट्रेनी भी जिनका हम लोगो ने डिजाइन बनाया है। उस हिसाब से बना रहे है। हम तेजी के साथ आगे बढ रहे है। एक तरफ लोग कहते है कि जहा हिन्दुस्तान को डिवेलपिंग कहा जाता है वह बहुत से मुल्को की तुलना मे यह एक डिवे ल

कंट्री है। यह सही बात है। कुछ मुल्कों की तुलना में हम डिवेलपिंग कंट्री हैं लेकिन उन मुल्कों की तुलना में चाहे वह अमरीका हो इंग्लैंड हो रूस हो कई एक क्षेत्रों में हम डिवैलेप्ड कंट्री कह जा सकते हैं, इस में कोई सन्देह की गुंजाइश नहीं है।

हमारी फौज की जो उपलब्धियां है उसको देखते हुए हम कह सकते हैं कि हमारी फौज किसी देश की फौज की तुलना में किसी तरह से कम नहीं है। यह किसी मुल्क के लिए बहुत श्रेय की बात होती है।

इसी तरह से टैंकों के मामले में भी हम बहुत आगे बढ़े हैं। एक गौरव की बात है। दूसरे देशों से जब पूछा जाता है कि क्या हम आप टैंक दे सकेंगे, दूसरे मुल्कों से पूछा जाता है कि क्या क्या हथियार आप दे सकेंगे क्या एम्युनिशन दे सकेंगे। इससे यह मालूम होता है कि हम ने भी प्रगति की है। पिछले 20–25 सालों में देश में औद्योगिक आधार का निर्माण हुआ है। किसी देश की सुरक्षा के लिए औद्योगिक आधार का निर्माण होना नितान्त आवश्यक होता है। एक इंडस्ट्रियल बेस की बहुत आवश्यकता होती है। हम सुरक्षा के उपादानों के सम्बन्ध में स्वावलम्बी नहीं हो सकते और सुरक्षा के उपादानों में स्वावलम्बी होने के लिए इंडस्ट्रियल बेस का होना आवश्यक होता है। प्राइवेट सैक्टर हो, पब्लिक सैक्टर हो, सरकारी सैक्टर में हो, सब मिल कर एक राष्ट्रीय सैक्टर बन जाता है। हमने प्रयत्न किया है कि सुरक्षा के उत्पादनों के काम में हम सभी सैक्टर्ज से चाहे पब्लिक हो या प्राइवेट जितना उसका उपयोग कर सकते हैं उतना ही अच्छा होगा। यह तो गलतफहमी है और हमेशा ख्याल रखना चाहिये कि चाहे किसी क्षेत्र का उद्योगपति हो सरकार की शक्ति से उसकी शक्ति बड़ी नहीं हो सकती है। तब कैसे कहा जा सकता है कि उद्योगपति आपके ऊपर सवार हो जाएगा? जिस देश के अन्दर अपनी शक्ति का उसको भरोसा नहीं है वही वैसा कह सकता है नहीं तो किसी उद्योगपति की शक्ति सरकार की शक्ति से बड़ी नहीं हो सकती है या उद्योगपतियों की सामूहिक शक्ति भी सरकार से बड़ी नहीं हो सकती है। इसलिये हम तेजी से स्वावलम्बी होना चाहते हैं।

एक बात और है। देश में किसी बात के निर्माण के लिए क्षमता हो तो वही क्षमता फिर स्थापित करना देश के साधनों का दुरुपयोग करना होता है। ये दोनों दृष्टिकोण हमारे सामने हैं।

तीनों सेनाओं में बहुत लोग हैं। देश गरीब है। साधन सीमित हैं। फौज के लोगों की सर्विस कंडीशंज, काम करने की हालत को कुछ तुलनात्मक दृष्टि से देखना होगा। उनको बिल्कुल समाज से अलग करके तो नहीं सोच सकते हैं। हमारे मन में आता है कि इतने परिश्रम का काम करते हैं उनके लिये हम कुछ कर दें। लेकिन देखना पड़ता है कि देश का जितना साधन है उसके भीतर ही हमको प्रबन्ध करना पड़ेगा। फिर भी हमारे अफसर की जब बहाली करनी होती है तो जितने की आवश्यकता हो उससे कई गुना आवेदन-पत्र आते हैं। जहां तक जवानों की भर्ती करने का सवाल होता है वहां जितनी आवश्यकता होती है उस में न मालूम कितने गुना आ जाते हैं, कहीं कहीं पर ला एंड आर्डर की समस्या खड़ी हो जाती है। आप यह मान लीजिये कि हमारे फौज की बहाली स्वैच्छा की बहाली है, हमारे देश की फौज वौलेन्ट्री फौज है। किसी अफसर से बात होती है तो मालूम होता है कि उनके ग्रान्ड फादर फौज में थे, उनके पिता थे, वह भी फौज में हैं और उनके लड़के भी फौज में हैं, और बड़े फख्र से कहते हैं कि हमारे तीन लड़के हैं और तीनों स्पिंग फार्सेज में हैं। तो इससे मालूम होता है कि हमारे लोगों में इसके प्रति देशभक्ति की भावना है और एक प्रतिष्ठा की भावना है। आज भी फख्र के साथ कहते हैं कि हमारा बेटा नैवी, एयर फोर्स या फौज

[श्री जगजीवन राम]

मे है । मै नही समझता कि उसकी तरफ ध्यान मे लाने का कोई सकोच हो रहा है । यह जरूरत है कि उनके काम करने के होनो का हर वक्त सुधारते रहे ।

श्री हरि देव ने कुछ बातें कही जवानो के खाने के सम्बन्ध मे अस्पताल मे खाने के सम्बन्ध मे । मुझे खेद लगता है कि जिसने उनको सारा ज्ञान बनाया उसने कुछ न्याय नही किया । मै उनको दावत दूगा कि जिस दिन वह मुझे से कहे कि आप चलो तुम्हारे अस्पताल का खाना देखना चाहते है अचानक चले और वहा के खाने को खा कर देख ले तय कर कि खाना खराब है या अच्छा है । और दवा के सम्बन्ध मे कह देना कि दवा अफसर और जवान को नही दी जाती है बल्कि बीमार को दी जाती है । और इसलिये जिस बीमार को जिस तरह की आवश्यकता है उसी तरह की दवा उसको दी जाती है । हमारे मिलिटरी अस्पतालो से यह शिकायत नही आया है अभी तक । और अगर कहा से शिकायत उनके पास है तो कोई नजीर हमारे पास लिखे तो मै देखूगा । ऐसे कहने मे कुछ नही होता है । हमारे यहा कुछ डिसग्रन्टल्ड लोग है उनकी सारी बातो को इकट्ठा कर दिया जाय तो हमारी सारी आर्मी का डिस्ग्रन्टल्ड कन्डेमनेशन हो जाता है । मै नही समझता कोई भी जिम्मेदार सदस्य चाहेगा कि भारतीय सेना का कन्डेमनेशन कर दिया जाय । और इसलिए जिसने सिर्फ पर कुछ आरोप दे दिया उसने इनके साथ न्याय नही किया है ।

नौसेना के सम्बन्ध मे मै मानता हू कि उसका महत्त्व बढता जा रहा है । और इसलिये हमारे डिफेंस बजट के अनुपात मे भी नौसैना के ऊपर बढ़ोत्तरी हो रही है । पहले 7 प्रतिशत था, लेकिन इस साल 10 प्रतिशत हो गया है । अगले साल 11 प्रतिशत से ज्यादा हो जायगा । तो हम नौसैना के महत्व को समझ रहे हैं इसलिये नये नये उसमे युद्धपोत भी लगा रहे हैं । अपने यहा फ्रिगेट भी बना रहे है, उसमे नये तरह का वेतन सिस्टम लगा रहे है, नये तरह के हथियार लगा रहे हैं मिसाइल का भी प्रबन्ध कर रहे है जिससे हमारी नौसैना एक सक्षम नौसैना बन सके और जो जिम्मेदारी उसके ऊपर पड़े उस जिम्मेदारी का वह निभा सके । और जिम्मेदारी उसकी यह है कि हमारे जल की सुरक्षा करे हमारे मरकैन्टाइल पोतो का अर्थात जो वाणिज्य करने वाले जहाज है उनकी सुरक्षा दे सके । हमारा कोस्ट सागर तट लम्बा है । कोस्ट गार्ड के लिए भी सगठन बन गया है । मैंने पिछली दफा बताया था कहा किसी प्रश्न के उत्तर मे कि उसका निर्माण हो चुका है उसके लिए कुछ जहाज ले लिये गये है और एक सक्षम कोस्ट गार्ड का निर्माण होगा जो हमारे समुद्र तट की निगरानी कर सके ।

कोचिन का प्रश्न माननीय राजू ने उठाया था । कोचिन सिविल पोर्ट है हमारी नौसैना का नही है । विशाखापटनम का पूरा विकास हो रहा है यह आपको मालूम है । और मैं विस्तार के साथ नही कहना चाहूगा क्योकि श्री राजू उसके बारे मे ज्यादा जानते है । इतना ही कहूगा कि विशाखापत्तनम का काफी विकास किया जा रहा है । करोडो रुपये उसमे लग रहे है ।

हमारी फौज से जो लोग निकलते है, उनकी एक बड़ी समस्या है । यह समस्या विशेषकर बड़ी इसलिये हो जाती है क्योकि देश मे जो बेकारी की समस्या है उसके सदर्भ मे देखने पर यह बहुत जटिल मालूम होती है । 50 60 हजार लोग साल मे फौज से हटते है और मान ले कि इसमे से आधे लोगो के लिये भी रोजगार का इन्तजाम करना है तो 25, 30 हजार लोगो का इन्तजाम करना हुआ । हमने केन्द्र के विभागो मे राज्य सरकारों की

नौकरियो मे, हमारी जो पब्लिक अडरटेकिंग्ज हैं, उनकी नौकरियो मे सेना से निकले हुए लोगो के लिय रिजर्वेशन किया हुआ, है, सरक्षण किया हुआ है, लेकिन कठिनाई यह हो जाती है कि जिस तरह की याग्यता के आदमी उनको चाहिये, हमार फौज मे निकले हुए लोगो के पास वह योग्यता नही होती है। हम प्रयत्न कर रहे है कि प्रशिक्षण देकर उनको उस योग्य बना सके। अफसरो के लिये भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे इस तरह की योग्यता इनमे सके कि वे सिविल मे भी काम कर सके इस तरह की योग्यता उनमे आ सके।

हमने पिछली दफा यह प्रयत्न किया था कि जब सार्जेन्ट या सीमैन फौज से निकलना है तो उसके 6 महीने पहले ही हम किसी टैक्नीकल या वोकेशनल ट्रेड मे उसे प्रशिक्षण दे जिससे वह नौकरी पा सके या सैल्फ एम्पलायमेंट मे लग सके। स्वय काई रोजगार कर सके। उसकी एम्पलायेबिलिटी बढ सके, रोटी कमाने की याग्यता बढ सके। इसलिय यह कर रहे है। यह स्कीम चल रही है, और कारगर सिद्ध हुई तो इसको बडे पैमाने पर चलाना है। लेकिन इस चीज को नही भूलना चाहिय कि काई भी ट्रेड करे, उसमे एक अवस्था ऐसी आ जाती है जब सैचुरेशन प्वाइन्ट हो जायगा। इलैक्ट्रिशियन को ट्रेनिंग करे तो एक नम्बर आने के बाद इलैक्ट्रिशियन्स की माग नही रहेगी। तो यह समस्या टेढी हो जाती है। अगर इन्ही लोगो के लिये सरक्षण कर दे तो समस्या ज्यादा टेढी होगी क्योकि इन लोगो को तो कुछ न कुछ पेशन मिल रही है, लेकिन जो नई लेबर फोर्स आ रही है, उसको तो कोई आमदनी नही है। यदि सम्पूर्ण रूप से देखे तो मालूम होता है कि जिसको 140 रुपये मिल रहा है, उसको प्राथमिकता दी जाये या जिसको कुछ भी नही मिल रहा है, उसको प्राथमिकता दी जाये ? इसीलिये मैंने कहा कि यह एक टेढा सवाल हो गया है। जब हम सोचते है तो एकागीरूप से तो नही सोचना पडता है, इसको सम्पूर्ण संदर्भ मे सोचना पडता है, लेकिन फिर भी हम प्रयत्न कर रहे है कि इन्हे जमीन देकर, सैल्फ एम्पलायमेंट देकर, बैंको से कर्जा दिलाकर ट्रान्सपोर्ट मे या किसी न किसी काम मे यह लाग लग सके, इसका प्रबन्ध किया जा रहा है।

और भी बहुत से छोटे-छोटे प्रश्न उठाये गय है, लेकिन उन प्रश्नो के बारे मे मैं माननीय सदस्यो से यह निवेदन करूगा कि जिन की जनरल इम्प्लीकेशन नही है, जो समस्या एक या दो व्यक्तियो से सम्बन्ध रखने वाली है, वह अगर हमे लिख दे तो उसका ज्यादा समाधान हो सकेगा, बनिस्पत उसे सदन मे उठाने के और जिनका सम्बन्ध सबसे है, वह यहा उठाये। जिस का जवाब हम नही दे सकेगे, उसके बारे मे भी हम इतना आश्वासन देगे कि विभाग मे सब के ऊपर विचार करायेगे और उस पर जो कुछ उचित कार्यवाही करानी होगी वह करायेगे।

जहा तक लेबर रिलेशन्ज का सम्बन्ध है, मै कहूगा कि आमतौर मे सतोषजनक है। लेकिन हमारी भी कठिनाई बढ जाती है, आजकल हमारे देश मे जो सम्पूर्ण श्रमिक आन्दोलन की समस्या है, वह ट्रेड-यूनियनो की बहुतायतता है। एक-एक इडस्ट्री मे कई-कई यूनियने हो गई है। (व्यवधान) जितनी हमारी परेशानी है, उससे ज्यादा परेशानी श्री रवीन्द्र वर्मा की है। लेकिन हम लोगो की परेशानी हो जाती है। कभी कभी तो ऐसा होता है कि माग के मुद्दे पर उतना झगडा नही होता है, जितना इस बात पर झगडा होता है कि इस प्रतिष्ठान मे मान्यता किस की रहेगी। अगर माग पूरी भी होन को होती है, तो यह झगडा होता है कि इस यूनियन के द्वारा क्यों हो, हमारी यूनियन के द्वारा हो। या मांग को इस तरह बढा दिया जाता है कि समस्या

[श्री जगजीवन राम]

सुलझने न पायें । हम इस सम्बन्ध में सदन के सदस्यों का सहयोग चाहेंगे । अगर यूनियनों की तादाद कम हो, तो समस्या कुछ सुलझ सकती है और श्रमिकों तथा मालिकों के सम्बन्ध अच्छे बन सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता हूं । मैं फिर कहूंगा कि हमारी सुरक्षा सेनाओं के तीनों अंगों--स्थल सेना, जल सेना और वायु सेना----के अफसर और जवान देशभक्ति से अनुप्राणित हैं । जब जब अवसर आया है, उन्होंने सिद्ध किया है कि मातृभूमि की मर्यादा को रखने के लिए वे किसी भी त्याग को बड़ा त्याग नहीं समझते हैं । जातिभेद, वर्णभेद और भाषाभेद, कोई भी इस में रुकावट नहीं पैदा कर सका है ।

एक युग था, जब कुछ लड़ाकू जातियां समझी जाती थीं । वह युग बीत गया । चाहे कोई मद्रास का हो, बंगाल का हो, केरल का हो या पंजाब का हो, मैंने पिछले पाकिस्तान युद्ध में उन सब में होड़ होते हुए देखी--उन में इस बात की प्रतियोगिता थी कि भारत माता के स्वाभिमान को बचाने के लिए कौन अगली कतार में रहेगा । और सब से बड़े पारितोषिक पाने वालों में मद्रास का एक युवक था, बिहार का एक आदिवासी था । इस लिए यह कैसे मानें कि जो परम्परा में युद्ध लड़ने वाली जातियां समझी जाती थीं, वह कुछ न्यायसंगत बंटवारा था ? जब अवसर आया, तो सब ने सिद्ध किया कि बलिदान देने की शक्ति सब में है । मैं मानता हूं कि माननीय सदस्यों द्वारा भारतीय सुरक्षा सैन्य की प्रशंसा और उन के द्वारा यह बात स्वीकार किया जाना उन को अनुप्राणित करेगा, उद्वेलित करेगा और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने के लिए उत्साहित करेगा । मैं उन की तरफ से सदन के प्रत्येक मैम्बर को धन्यवाद देना चाहता हूं, और आशा करता हूं कि हमारी मांगें सर्वसम्मति से स्वीकार की जायेंगी ।

MR. SPEAKER I shall now put all the Cut Motions moved to the Demands for Grants of the Ministry of Defence for 1978-79 to vote together unless any hon Member desires that any of his Cut Motions may be put separately I now put all the Cut Motions together to the vote of the House

*All the Cut Motions were put up and negatived*

MR SPEAKER I shall now put the Demands for Grants to the vote of the House The question is

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India *to complete* the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1979, in respect of the heads of demands entered in the second column thereof against demands Nos 19 to 24 relating to the Ministry of Defence"

*The motion was adopted*

MR SPEAKER We shall take up the next item tomorrow We can rise five minutes earlier, we deserve it We adjourn to meet again at 11 00 a m tomorrow

**17.55 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 28, 1978/Chaitra 7, 1900 (Saka).*

GMGIPND—L—230 L S